बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना।
5, हार्डिंग रोड, पटना-800001

संदर्भ- **विज्ञापन संख्या-05/2025, बिहार पुलिस में पुलिस अवर निरीक्षक की नियुक्ति से संबंधित।**

विज्ञप्ति

दिनांक-27.05.2026 को बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या-05/2025 के अंतर्गत पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु मुख्य लिखित परीक्षा के सम्बन्ध में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा सोशल मीडिया में प्रसारित की जा रही खबरों के आधार पर आशंका व्यक्त की गयी है। इस सम्बन्ध में स्पष्ट किया जाता है कि पूरे प्रदेश में स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न हुई है। प्रदेश के दो जिलों के एक-एक केन्द्र पर वीक्षक/स्टाफ द्वारा अनुपयुक्त प्रश्न-पुस्तिका की अवैधानिक ढंग से फोटो कर सोशल मीडिया पर वायरल की गयी है। जिसे आधार बनाकर आर्थिक/राजनैतिक निहित स्वार्थ वाले तत्वों द्वारा पेपर लीक होने की भ्रामक खबर प्रसारित की जा रही है। वस्तुतः ऐसे तत्व सदैव परीक्षाएँ रद्द कराने और अभ्यर्थियों को भ्रमित कर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं।

उपरोक्त दोनों मामलों में आपराधिक मामले दर्ज कर लिये गये हैं और संलिप्त तत्वों की पहचान कर कुछ लोगों को जेल भेजा जा चुका है। जिन अभ्यर्थियों की इस आपराधिक मामले में मिलीभगत पायी जायेगी उन्हें परीक्षा में अयोग्य घोषित किया जायेगा और उनके विरूद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पूरे प्रदेश में कहीं से भी परीक्षा प्रारंभ होने के पहले प्रश्न-पत्र लीक होने या वृहत स्तर पर कदाचार की शिकायत नहीं मिली है और स्वच्छ रूप से परीक्षा सम्पन्न हुई है। अतः यथासमय इस परीक्षा का परिणाम प्रकाशित किया जायेगा।

आयोग सदैव अभ्यर्थियों का हितैषी रहा है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भ्रामक प्रचार से बचें और सभी नकारात्मक आशंकाएं त्याग कर प्रतियोगिता परीक्षा के अगले चरण और दूसरी परीक्षाओं की तैयारी के लिए तत्पर रहें।

दिनांक-03.06.2026

ह0/-
(किरण कुमार)
विशेष कार्य पदाधिकारी
बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना।

पत्र संख्या बि0पु0अ0से0आ0/गो0-विविध-04/2024-**121** दिनांक-03.06.2026

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग का कार्यालय,
5, हार्डिंग रोड, पटना - 800001